हुनरमंद लोगों का होगा आने वाला वक्त : मोदी

बताया- अगली 'वर्ल्ड स्किल एशिया' प्रतियोगिता ग्रेटर नोएडा में

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि आने वाला वक्त कागजी सर्टिफिकेट के साथ कोट-पैंट-टाई पहनकर घूमने वालों का नहीं, हुनरमंदों का होगा। दुनिया में हुनर और कौशल की मांग बढ़ेगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित पांचवें कौशल दीक्षांत समारोह में उन्होंने योगी सरकार की तारीफ की। कहा कि यहां सुरक्षा का वातावरण बना है। डबल इंजन सरकार ने स्थितियों को बदल दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि अगले साल 'वर्ल्ड स्किल एशिया' प्रतियोगिता की मेजबानी यूपी करेगा। आयोजन ग्रेटर नोएडा में होगा।

पीएम ने योगी सरकार की तारीफ की

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भी बच्चा आईटीआई में दाखिला लेता है तो माता-पिता शर्म की वजह से छिपाते हैं। मैं बताना चाहता हूं कि जितना सम्मान आईआईटी के बच्चों का होगा, उतना ही आईटीआई के बच्चों का भी होगा। बड़ी से बड़ी कंपनी को कागजी सर्टिफिकेट लेकर घूमने वाले दो-तीन लोग चाहिए, लेकिन कंपनी को ताकत देने के लिए आईटीआई वालों की जरूरत पड़ती है। आज जो भी सरकारें हमसे समझौते कर रही हैं, उनकी एक ही मांग है कि हमें नब्बे हजार, एक लाख या डेढ़ लाख आईटीआई वाले चाहिए।

इस मौके पर केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी मौजूद रहे।

▸▸संबंधित खबरें पेज 2 पर

52 नैशनल टॉपर को PM ने सम्मानित किया

8.85 लाख युवाओं को सर्टिफिकेट

पिछले साल मैंने कहा था कि सोना मत खरीदिए। लोगों ने मेरे जैसे सामान्य व्यक्ति की बात मानी, गोल्ड के दाम टूट गए। मुझे लोग कह रहे हैं कि आपके कहने से हमारे पैसे बच गए। -मोदी, पीएम



लखनऊ में शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित 5वें कौशल दीक्षांत समारोह में पीएम मोदी ने टॉपर बच्चों को सम्मानित किया।

17 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया: योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्किल मैनपावर ही भारत की आधारशिला है। प्रधानमंत्री ने 2015 में दुनिया की सबसे बड़ी यंग वर्कफोर्स को एक प्लेटफार्म देने और युवाओं की निराशा दूर करने के लिए स्किल इंडिया अभियान शुरू किया था। हमने 2017 में मिशन को आगे बढ़ाना शुरू किया। इस दौरान 17 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया। सात लाख से अधिक प्लेसमेंट करवाए। पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में 2.65 लाख से अधिक युवाओं को आवासीय प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध करवाया। प्रॉजेक्ट प्रवीण के तहत 1700 से अधिक माध्यमिक स्कूलों में 2.50 लाख से अधिक विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहे हैं।

विकसित बनने को चाहिए स्किल्ड मैनपावर :राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि स्किल इंडिया मिशन राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। हमारी सरकार डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग में स्वदेशीकरण को बढ़ावा दे रही है। भारत को रक्षा उपकरणों और सैन्य तकनीक में आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्किल्ड मैनपावर की जरूरत है। कौशल विकास से जुड़ी योजनाएं इसमें अहम भूमिका निभा रही हैं। प्रधानमंत्री ने बहुत पहले ही समझ लिया था कि विकसित भारत बनाने के लिए स्किल डिवेलपमेंट मिशन मोड में करना है।